<u>संदेश</u>

छठ पूजा के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रह रहे देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

छठ पूजा एक ऐसा अनूठा पर्व है जिसमें सूर्य, नदियों अथवा जलाशयों की उपासना के माध्यम से प्रकृति की आराधना की जाती है। छठ पूजा की शुरुआत कठोर उपवास से होती है और व्रत पूरा होने पर पवित्र स्नान की परंपरा है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि इस व्रत के माध्यम से मन निर्मल हो जाता है।

आइए, छठ पूजा के अवसर पर भगवान सूर्य, नदियों और धरती मां के प्रति हम अपनी आस्था प्रकट करें। मेरी कामना है कि यह पर्व हम सभी के जीवन में खुशहाली लाए तथा हमें प्रकृति का सम्मान करने के लिए प्रेरित करे।

****